Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 207 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 10 फरवरी 2025

पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हैं...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गंगा में डूबने से बड़ौत के युवक की मौत

**ऋषिकेश।** दोपहर बाद करीब तीन बजे लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के मस्तराम घाट पर चार युवक नहा रहे थे। सभी गाजियाबाद के एक कॉलेज के बीटेक के छात्र बताए जा रहे हैं।
गंगा में नहाते समय बड़ौत (उत्तर प्रदेश) का एक युवक डूब गया। वह अपने अन्य तीन साथियों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था।
एसडीआरएफ ने युवक के शव को गंगा से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के मस्तराम घाट पर चार युवक नहा रहे थे। सभी गाजियाबाद के एक कॉलेज के बीटेक के छात्र बताए जा रहे हैं। नहाने के दौरान एक युवक का पैर फिसलने से संतुलन बिगड़ गया। वह गहरे पानी में चला गया। जब तक अन्य साथी कुछ सोचते वह नजरों से ओझल हो गया।

### महाकुंभ में यूसीसी के लिए संतों के समागम में सीएम धामी का सम्मान

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव से पहले हमने उत्तराखंड की जनता के सामने समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प रखा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रयागराज में रविवार को आचार्य शिविर में आयोजित समानता के साथ समरसता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सभी संतों ने उत्तराखंड राज्य में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। संतो द्वारा पुष्पमाला के साथ मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों को धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि त्रिवेणी की पवित्र भूमि और महाकुंभ के शुभ अवसर पर पूज्य संतों का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की कल्पना में पूज्य संतों का आशीर्वाद सबसे जरूरी है।
उन्होंने कहा समान नागरिक संहिता लागू करना, विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाना है। मेरा जो सम्मान संतों ने किया है, वो उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक का सम्मान है।

## मौसम: पर्वतीय जिलों में आज हल्की बारिश के आसार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की ओर से पर्वतीय जिलों में आज हल्की बारिश के आसार बताए गए हैं।
प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (सोमवार) हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार जताए हैं।
हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि



ऊंचाई वाले स्थानों में होने वाली बारिश का तापमान पर कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 13 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

### हिमाचल में दो दिन बारिश और बर्फबारी की संभावना

हिमाचल के आठ जिलों में सोमवार और मंगलवार को बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मध्य और उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कई क्षेत्रों में मौसम बदलने का पूर्वानुमान है।
हिमाचल के आठ जिलों में सोमवार और मंगलवार को बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मध्य और उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कई क्षेत्रों में मौसम बदलने का पूर्वानुमान है। चार मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में मौसम साफ रहने की संभावना है। न्यूनतम पारा गिरने से इन क्षेत्रों में ठंडक बढ़ने के आसार हैं। 12 फरवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को मौसम साफ रहा। पर्यटक मनाली से वाहनों में अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल की वादियों में पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की।

प्रवासी पक्षियों को खिलाया दाना

## महाकुंभ: संगम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लगाई डुबकी

प्रयागराज
एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इससे पहले, उन्होंने प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। महाकुंभ में आज भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। प्रयागराज में सभी सड़कें जाम हैं।
राष्ट्रपति के पहुंचने के पहले श्री बड़े हनुमान मंदिर को खाली कराया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। पवित्र स्नान के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इससे पहले, भारत की प्रथम नागरिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीर्थराज कुंभ नगरी प्रयाग में आगमन पर प्रयागराज के प्रथम नागरिक महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रयागराज महानगर की चाबी भेंट कर उनका स्वागत किया ।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जल्द ही संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। इसके बाद पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के



सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद हैं।
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 फरवरी माघी पूर्णिमा स्नान से पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए आठ रेलवे स्टेशनों पर सभी व्यवस्थाओं का ध्यान रखा है। राज्य प्रशासन के साथ मिलकर सब कुछ बहुत ही समन्वित तरीके से किया जा रहा है। कल प्रयागराज जंक्शन से 330 ट्रेनें रवाना हुईं और आज भी ट्रेनें व्यवस्थित तरीके से चल रही हैं। अगर कोई अफवाह फैलाने की कोशिश करता है, तो हम उनकी बात नहीं सुनना चाहते। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से चल रहा है।

## महाकुंभ से लौटते समय हुआ हादसा, श्रद्धालुओं से भरी बस ने डंपर में मारी टक्कर, दो की मौत

प्रयागराज
एजेंसी

महाकुंभ से लौटते समय दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे आगरा-कानपुर हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी बस ने डंपर में टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 25 यात्री घायल हुए हैं।
उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में आगरा-कानपुर हाईवे पर सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार निजी बस आगे चल रहे डंपर में जा घुसी। हादसे में दो महिला श्रद्धलुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। हादसे के करीब 25 मिनट बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां गंभीर दो श्रद्धलुओं को सैफई आयुर्विज्ञान विवि रेफर कर दिया गया। हादसे में मृतक और घायल सेक्टर 128 नोएडा के रहने वाले है। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे महाकुंभ से श्रद्धालुओं को स्नान कराकर निजी बस दिल्ली लौट रही थी। आगरा-कानपुर हाईवे स्थित नवीन मंडी के पास तेज रफ्तार बस आगे जा रहे डंपर में जा घुसी। इससे श्रद्धलुओं में चीख पुकार मच गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही गौतमबुद्ध नगर की मीरा (35) पत्नी मनोज और मीरा(55) नाम एवं पता अज्ञात की मौत हो गई। इसके अलावा बस में सवार 25 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।
घायलों को हादसे के करीब 25 मिनट बाद जिला अस्पताल लाया गया। इससे जिला अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। प्राथमिक उपचार के बाद सरमन (45) कुंजबिहारी सुल्तानपुर सेक्टर 128, कुसुम (49) पत्नी सुनील को सैफई रेफर कर दिया गया। वहीं, अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। हादसे की वजह बस चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।



## एयरो इंडिया 2025 का आगाज, भारतीय लड़ाकू विमान दिखा रहे स्वदेशी ताकत

बंगलूरू
एजेंसी

बंगलूरू में येलहंका वायुसेना स्टेशन पर आज से एयरो इंडिया 2025 की शुरुआत हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस कार्यक्रम में शिरकत की है। बता दें कि, एयरो इंडिया 2025 का आयोजन आज से 14 फरवरी तक होगा। एयरो इंडिया 2025 एशिया की शीर्ष एयरोस्पेस प्रदर्शनी का 15वां संस्करण है। एयर शो एयरो इंडिया 2025 का आज से बंगलूरू में आगाज हो गया है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह येलहंका वायुसेना स्टेशन पर आयोजित एयरो इंडिया 2025 में शिरकत की है। एयरो इंडिया 2025 का आयोजन आज से 14 फरवरी तक किया जाना है। इस आयोजन में भारत की रक्षा ताकत का



प्रदर्शन मुख्य आर्कषण होगा। एयरो इंडिया 2025 एशिया की शीर्ष एयरोस्पेस प्रदर्शनी का 15वां संस्करण है। वहीं एयरो इंडिया 2025 से पहले, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौ फरवरी, 2025 को बेंगलूरू में फिजी गणराज्य के रक्षा और वयोवृद्ध मामलों के मंत्री पियो टिकोदुआदुआ और दक्षिण सूडान के रक्षा और वयोवृद्ध मामलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल चोल थॉन जे बालोक के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार येलहंका वायुसेना स्टेशन पर आयोजित एयरो इंडिया 2025 में शामिल हुए।

## कार्रवाई: फरार 50 हजार का इनामी हत्यारे जरनैल सिंह को राजस्थान से दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

डीजीपी दीपम सेठ ने उत्तराखण्ड राज्य में जघन्य अपराधों में लम्बे समय से वांछित इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर को निर्देशित किया गया। डीजीपी के निर्देश के तहत एसएसपी ने सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन कर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को दिशा-निर्देश दिये। एसएसपी एसटीएफ कार्यालय से जारी सूचना के मुताबिक एसटीएफ की कुमायूँ युनिट ने थाना सितारगंज जनपद ऊधमसिंह नगर पुलिस को साथ लेकर 7 फरवरी देर रात्रि थाना सितारगंज के 50 हजार ईनामी हत्यारे जरनैल सिंह पुत्र बंजारा सिंह निवासी ग्राम बिचई नानकमत्ता को सुदूर राजस्थान के फलोदी जनपद से गिरफ्तार किया। वह



वर्ष 2023 में सेन्ट्रल जेल सितारगंज से फरार हो गया था। पकड़े गए ईनामी की गिरफ्तारी के संबंध में एसएसपी नवनीत भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ की गठित टीम ने तकनीकी तथा भौतिक सूचनाओं का विश्लेषण करते हुये अपने अथक प्रयास से उक्त अपराधी की पहचान स्थापित की फिर टीम ने राजस्थान से उसकी गिरफ्तारी की। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मोहित वर्मा, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार व सर्विलांस में तैनात किशन चन्द्र की विशेष भूमिका रही। उन्होंने बताया कि अभियुक्त जरनैल सिंह ने साथियों के साथ मिलकर 14 अगस्त 1995 को नानकमत्ता क्षेत्र में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी।
अभियुक्त जरनैल सिंह ने पूछताछ में एसटीएफ को बताया कि उसे अभियोग में आजीवन कारावास की सजा मिलने पर मैं सितारगंज जेल में बन्द था। 27 अगस्त 23 को मौका पाकर जेल से फरार हो गया और सीधे भागकर पंजाब गया। जहाँ फाजलक्का थाना सिटी-1 जिला फाजलक्का में मेरा परिवार रहता है और तुरन्त ही वहाँ से भागकर राजस्थान में जोधपुर के पास देचू थाना क्षेत्र में आ गया।
सम्पत नाम के व्यक्ति के घर में रहकर उसके साथ मजदूरी करने लगा यहीं से सतपाल सिंह पुत्र गुरचरण सिंह के नाम से फर्जी आधार कार्ड बना लिया। उत्तराखण्ड एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह,एसआई केजी मठपाल, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार,हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कनवाल,मोहित वर्मा,ओपी कृष्ण चंद्र शर्मा सर्विलेंस के अलावा थाना सितारगंज पुलिस टीम से चौकी प्रभारी सिडकुल दीपक कौशिक,अमित जोशी,राजेन्द्र गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# 29वें फागोत्सव के सफल आयोजन को बैठक आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा भवन में रविवार को 29वें फागोत्सव के सफल आयोजन हेतु विभिन्न महिला दलों के साथ बैठक सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में तय हुआ कि 29वें फागोत्सव का आगाज आगामी 6 मार्च (गुरुवार) से होगा जो 15 मार्च (शनिवार) तक चलेगा। इसके तहत 6 मार्च (गुरुवार) को होली जुलूस तल्लीताल स्थित मां वैष्णव देवी मंदिर से सुबह 11 बजे निकलेगा जबकि अपराह्न दो बजे से सभा प्रांगण में 29वें फागोत्सव का विधिवत उद्घाटन होगा। इसी दिन शहर से बाहर के महिला होली दल अपनी होली प्रस्तुत करेंगे। 7 मार्च (शुक्रवार) को स्थानीय टीम होली होली प्रस्तुत करेंगी,दोनों दिवस होली गायन सभा भवन प्रांगण में होगा।

बैठक में बताया गया कि महिला टीम में 10 सदस्य होने अनिवार्य होंगे। इसी क्रम में 8 मार्च (शनिवार) को बैठकी होली महिला होगी जबकि 9 मार्च (रविवार) को रंग धारण वहीं 10 मार्च (सोमवार) को आंवला एकादशी तथा एकल होली गायन जबकि 11 मार्च (मंगलवार) को स्कूली बच्चे होली गायेंगे।

इसी क्रम में 12 मार्च (बुधवार) को श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकार होलियों की प्रस्तुति देंगे जबकि 13 मार्च (गुरुवार) को होली रंग जलूस तथा पुरुषों की होली तथा रात्रि में होलिका दहन होगा जबकि 15 मार्च (शनिवार) को छलड़ी के साथ ही फागोत्सव का समापन होगा। बैठक में कुंभ में स्नान कर आने वाले भक्तजनों को सभा परिवार की ओर से बधाई दी गई। बैठक में तय किया गया कि फागोत्सव में विगत वर्ष की तरह अबकी बार भी फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी होगी। सभा परिवार ने बैठक के माध्यम से सभी को फागोत्सव के लिए आमंत्रित किया।

बैठक में अशोक साह,विमल चौधरी,विमल साह,मुकुल जोशी, देवेंद्र लाल साह,राजेंद्र लाल साह,दिनेश भट्ट,भुवन बिष्ट, आनंद बिष्ट,हरीश राणा,तारा बोरा ,डा.प्रगति जैन, मृणाल नेगी,भावना रावत,सरिता त्रिपाठी,बीना,मोहिनी,कलावती,भारती, तुलसी,गीता सिराला,जानकी,दीपा चौधरी सहित 60 महिलाएं उपस्थित रही। संचालन सभा के महासचिव जगदीश बावड़ी तथा सभा के वरिष्ठ सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो.ललित तिवारी ने किया।

## महिला होली में कुल 20 टीमें प्रतिभाग करेंगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बैठक में तय किया गया कि महिला होली में कुल 20 टीमें प्रतिभाग करेंगी जिसमें दस स्थानीय व दस बाहर की होंगी।

इसके साथ ही एक टीम में 10 सदस्य होने जरुरी हैं। हर टीम को प्रस्तुति के लिए 15 मिनट या अधिकतम 17 मिनट का समय ही दिया जाएगा। महिला होली में कोई प्रतियोगिता नहीं होगी,सभी टीमों को होली प्रस्तुत करने का पूरा मौका समय सीमा के भीतर ही दिया जाएगा।

बैठक में नगर पालिका परिषद की नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल के साथ ही मल्लीताल बाजार वार्ड के नव निर्वाचित सभासद मुकेश जोशी के अलावा तथा कुमाऊंनी लोक चित्रकला की प्रमुख विधा ऐपण के माध्यम से देश व दुनिया में नैनीताल शहर का नाम रोशन करने वाली राष्ट्रीय अवार्डी व पालिका की पूर्व सभासद मंजू रौतेला का भी विशेष रू प से सभा परिवार की ओर से पुष्पमाला तथा चुन्नी ओढ़ाकर विशेष रुप से स्वागत किया गया। बैठक में डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा मुकेश जोशी ने फागोत्सव की कामयाबी को लेकर अपने सुझाव रखे।



## डीएसबी परिसर में प्रज्ञा प्रवाह कार्यक्रम के तहत सरस्वती पूजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में शनिवार को प्रज्ञा प्रवाह कार्यक्रम के तहत सरस्वती पूजन किया गया।

इससे पूर्व सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया तथा मां सरस्वती की विशेष आराधना की गई। बता दें कि प्रज्ञा प्रवाह एक भारतीय संगठन है जो भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत की गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। यह संगठन भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं जिसमें दर्शन, कला, साहित्य व अध्यात्म और सामाजिक विज्ञान शामिल हैं से जुड़ा हुआ है और इसका उद्देश्य विद्वानों, बुद्धिजीवियों और उत्साही लोगों के लिए इन विषयों का पता लगाने और चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करना है।

सरस्वती पूजन कार्यक्रम में जिला संयोजक प्रो. एल. एम. जोशी समेत प्रो. ललित तिवारी,प्रो. आशीष तिवारी, डॉ विजय कुमार, डॉ हरिप्रिया पाठक, डॉ शिवांगी, डॉ. दीपिका पंत , डॉ भूमिका, डी. एस. परिहार तथा डॉ हेम जोशी आदि ने सभी के लिए मां सरस्वती से आशीर्वाद मांगा।

## पांच दिवसीय रंग मंच प्रशिक्षण के तहत प्रथम सत्र का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल में शिक्षकों हेतु चल रहे पांच दिवसीय रंग मंच प्रशिक्षण (कौशल विकास कार्यशाला) के तहत दूसरे दिन यानी शनिवार को प्रथम सत्र का शुभारंभ डॉ. ज्योतिर्मय मिश्र तथा मनोज कुमार चौधरी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मोहन जोशी द्वारा सरस्वती वन्दना से किया। इसके बाद रंगकर्मी प्रशिक्षक बृजमोहन जोशी द्वारा जन कवि गिरीश तिवारी गिर्दा की स्वरबद्ध रचना उत्तराखंड मेरी मातृभूमि मातृ भूमि मेरी पितृ भूमि तथा संस्कार गीतों व लोक गीतों तथा बाल गीतों की जानकारी प्रतिभागियों को दी।इस गायन में प्रतिभाग कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी गायन व नृत्य के माध्यम से सहभागिता की। मोहन जोशी द्वारा रंग मंच में किस प्रकार लोक गीतों का प्रकार किया जाता है इस सम्बन्ध में विभिन्न लोक गीतों को गाकर प्रतिभागियों को जानकारी दी ।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी हरीश पांडे जी ने रंगमंच के विविध आयामों की जानकारी प्रतिभागियों को दी। प्रशिक्षक रंगकर्मी बृजमोहन जोशी ने कुमाऊंनी पारम्परिक लोक चित्र कला ऐपण का सम्बन्ध हमारे संस्कारों,कर्मकाण्डों तथा दस कर्मादि पूजा पद्धति व ऐपण में प्रयुक्त प्रतीकों आदि की जानकारी के साथ साथ मांगलिक संस्कार गीत का सम्बन्ध कैसे ऐपण के साथ जुड़ा है इसकी जानकारी दी। प्रशिक्षक रंगकर्मी मोहन जोशी द्वारा लोकगीतों के विविध आयामों की जानकारी प्रशिक्षक प्रतिभागियों को दी गई, प्रशिक्षक रंगकर्मी शम्भू दत्त साहिल द्वारा लोक वाद्य यंत्र हुडक़ा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दीए हुडक़े को बनाने की विधिए हुडक़े की बोलों के विषय में वादन के माध्यम से तथा मोहन जोशी जी द्वारा विभिन्न लोक गीतों को गाकर गायन व वादन की जानकारी दी। हरीश जोशी जी द्वारा सभी प्रशिक्षक प्रतिभागियों को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा की जानकारी के साथ साथ नाटक के पात्रों का चयन किया तथा नाटक के संगीत में मोहन जोशी व शम्भू दत्त साहिल द्वारा संगत दी गयी।

## NEWS / फटाफट

### कुमाऊं विवि की पुरुष क्रिकेट टीम दिल्ली को रवाना

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी डा.नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की पुरुष क्रिकेट टीम रविवार (आज) दिल्ली को रवाना होगी। डा.शर्मा के मुताबिक कुमाऊं विश्वविद्यालय की क्रिकेट पुरुष वर्ग की टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय नॉर्थ जोन क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता रविवार (आज) की प्रात: 7 बजे बस स्टैंड रुद्रपुर से दिल्ली के लिए रवाना होगी। बताया कि टीम का प्रथम मैच दिल्ली में आयोजित होना है। उक्त प्रतियोगिता दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। टीम के सदस्यों में हल्द्वानी महाविद्यालय से मनन कांडपाल,परितोष राणा, पृथ्वी गढयि़ा,विशाल मेहता,निखिल बिष्ट तथा प्रतीक पांडे जबकि रुद्रपुर महाविद्यालय से क्षितिज रावत, पीयूष सिंह,अभिनव शर्मा व गीतांश दत्त तथा आईएमटी काशीपुर से यथार्थ तथा अत्रे राधे हरी काशीपुर से कपिल रावत जबकि रामनगर महाविद्यालय से अमित सिंह रावत व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दुचौड़ से राहुल सिंह तथा डीएसबी परिसर नैनीताल से विशाल बिष्ट शामिल हैं। टीम के टीम मैनेजर हल्द्वानी महाविद्यालय के हितेंद्र मेहता रहेगे।

### कुमाऊंनी रीति रिवाज से यज्ञोपवीत संस्कार करवाये

**नैनीताल।** प्रयागराज के महाकुंभ में इस बार देश विदेश से आए करोड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए हैं। यहां अनेकों श्रद्धालु स्नान दान के अतिरिक्त चूड़ाकरण संस्कार एवं यज्ञोपवीत संस्कार करवाने भी दूर-दूर से पहुंचे हैं। इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखंड के कुमाऊं संभाग से आये श्रद्धालुओं द्वारा यहां कुमाऊंनी रीति रिवाज से यज्ञोपवीत संस्कार करवाये गये। इस बार प्रयागराज में 12वां महाकुंभ बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसा योग मुहूर्त प्रत्येक 144 वर्ष बाद आता है। प्रयागराज का वर्णन हमारे वेदों पुराणों उपनिषदों एवं सनातन धर्म ग्रंथो में मिलता है। जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के नेतृत्व में बटुक का नाम कार्तिक पंत पुत्र नवीन पंत का यज्ञोपतित संस्कार कराया गया। इस मौके पर बटुक की माता रीता पंत,बहिन निकिता पंत समेत चाचा रमेश पंत,धर्मेन्द्र पंत, मुकेश पंत, मनोज पंत आदि शामिल रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## एपेक्स ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट में वार्षिकोत्सव उमंग 18 की धूम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**




रामपुर रोड स्थित एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्ढूशंस में वार्षिकोत्सव उमंग 18-0 का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलऽ रहे।

रंगारंग कार्यक्रम में प्रसिद्ध पंजाबी गायक प्रभ गिल द्वारा लाइव परफॉर्मेंस दी गई जिसने उपस्थित छात्र छात्रओं को झूमने पे मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा पाठक एवं डॉ शिवांगी सक्सेना के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ मंदीप सिंह ने अतिथिगणों का अभिवादन करते हुए संस्थान की प्रगति रिपोर्ट पेश की। मुख्य अतिथि बलदेव औलख ने संस्थान प्रबंधन एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम में निदेशक डॉ- धीरज गुणवंत, डॉ- गुरप्रीत सिंह, डॉ- लाजमीत कौर, स्वर्णिमा पांडे, आशा गंभीर, गौरव सक्सेना, गौरव कालरा, एवं विक्रांत सहित समस्त फैकल्टी और स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर के सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहली बार स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भव्य उद्घाटन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



हल्द्वानी के सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भव्य उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह में विद्यालय के निदेशक अनिल जोशी, प्रबंधक सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनीता जोशी, समन्वयक संजय सुयाल एवं अन्य शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने रिबन काटकर स्पोर्ट्स कंपलेक्स का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, जुंबा एवं शिव तांडव स्त्रोत में योग की विभिन्न मुद्राओं ने चार चांद लगा दिए। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की जानकारी देते हुए मंच संचालिका सुनीता अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह अपने आप में पहला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स है ,जिसमें फुटबाल ,वालीबाल, क्रिकेट एवं बास्केटबॉल का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाएगा। मुख्य अतिथि ने *स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों के लिए सफलता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई विभिन्न प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि वाकई में बच्चों ने एक संतुलन और संयम के साथ विशेष प्रस्तुतियां दी। अंत में विद्यालय के निदेशक अनिल जोशी जी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# दिल्ली में मिली जीत पर उत्तराखंड में मनाया जश्न

देहरादून

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से जीत मिली है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली का विकास डबल इंजन सरकार में तेजी से होगा।

दिल्ली चुनावों में मिली बंपर जीत के बाद शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इन नतीजों को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की जीत बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र में किए सभी वादों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 साल बाद देश की राजधानी से गैर भाजपा सरकारों की विदाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि पार्टी संकल्प पत्र में जो भी बातें कहती है उन्हें पूरा जरूर करती है। उन्होंने कहा कि आप की सरकार ने दिल्ली के लोगों के विश्वास को छलने का काम कर दिल्ली को सबसे प्रदूषित राजधानी बनाने का काम किया है। उन्होंने इस जीत के लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दिल्ली में मिली जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग का इस जीत में योगदान रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, विधायक विनोद चमोली, सविता कपूर, खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, मनवीर चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम ने कार्यकर्ताओं को खिलाई जलेबी

प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष और सीएम ने एक दूसरे का मुंह मीठा करने के साथ ही सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में मिठाई वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें जलेबी खिलाकर जीत की बधाई भी दी।



## नैनीताल में आतिशबाजी करने के बाद मिठाई बांटी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नैनीताल द्वारा भारतीय जनता पार्टी की 27 साल बाद पूर्ण बहुमत की सरकार दिल्ली में बनने के विशेष मौके पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल नैनीताल द्वारा मल्लीताल श्री राम सेवक सभा परिसर में जमकर आतिशबाजी करने के बाद मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।

इस मौके पर विधायक सरिता आर्या समेत मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह रावत, प्रो. ललित तिवारी, सभासद गजाला कमाल,मंजू रौतेला, नीतू जोशी,भारती कैड़ा, हेमलता पांडे, कलावती असवाल, पूर्व सभासद मोहन सिंह नेगी, मोहित आर्या, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष कुमार, प्रेम सागर, कमलेश ढौंडियाल, रोहित भाटिया, मनोज कुमार, आशीष बजाज, गोविंद सिंह मेहरा, युवराज सिंह करायत, चंदन सिंह चम्याल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, दान सिंह रावत ,डब्बू करायत, शैलेन्द्र बिष्ट, बच्ची कुमार, नवीन जोशी, राहुल,हरीश सिंह राणा, विकाश जायसवाल, रईस खान, रचित तिवारी, कैलाश मिश्रा, लक्ष्मण सिंह नेगी तथा गणेश राणा आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अभिमत

## सभी ने स्वीकारा

***मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने अथवा सही मतदाता का नाम हटाने के मामले में सरकार को दोषी ठहराना पूरी तरह उचित नहीं होगा। चुनाव से कई महीने पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू हो जाता है। मतदाता सूची संशोधित करने के लिए बीएलओ को काम सौंपा जाता है। घर-घर जाकर मतदान की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने और मृतकों का नाम हटाने की जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। बीएलओ विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है।***

किसी भी चुनाव में मतदाता सूची पर सवाल जरूर उठता है। विपक्ष आरोप लगाता है कि सत्तापक्ष ने उसके समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटवा दिये, जबकि मतदाता का नाम जोड़ने और हटाने का काम सरकारी मशीनरी का होता है। उत्तराखंड में इस बार हुए निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ दल, विपक्ष और मतदाताओं ने एक साथ भारी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब होने की शिकायत की। निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने भी स्वीकार किया कि कहीं न कहीं त्रुटियां तो हुई हैं। आयोग के स्तर पर यदि कहीं कोई कमी रह गई है तो भविष्य में उसे दूर किया जायेगा। निर्वाचन आयुक्त की प्रशंसा करनी चाहिए कि उन्होंने शिकायत को सिरे से खारिज नहीं किया। उधर भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने मतदाता सूची में खामियों और चुनाव में अव्यवस्था की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है। कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास सर्वोपरि है। चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और राजनीतिक सुचिता सुनिश्चित करना सरकार और निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है, लेकिन दोनों ही अपनी जिम्मेदारी पर खरे नहीं उतरे। भगवानपुर में मतदाताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, इसके बाद विधायक ममता राकेश धरने पर बैठ गईं और रोने लगीं। एक विधायक का सरकारी मशीनरी की अव्यवस्था पर रोना गंभीर मामला है। चुनाव में अव्यवस्था को झुठलाया नहीं जा सकता है। मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने अथवा सही मतदाता का नाम हटाने में सरकार को दोषी ठहराना पूरी तरह उचित नहीं होगा। चुनाव से कई महीने पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू हो जाता है। मतदाता सूची संशोधित करने के लिए बीएलओ को काम सौंपा जाता है। घर-घर जाकर मतदान की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने और मृतकों का नाम हटाने की जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। बीएलओ विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है। विशेष रूप से आंगनबाड़ी और शिक्षकों को यह काम सौंपा जाता है। बीएलओ अपने मुख्य कार्य को छोड़कर पुरानी मतदाता सूची में घर बैठकर हेरफेर करके कर्तव्य की इतिश्री कर देते हैं। कुछ जागरूक युवा अपने नाम बीएलओ को ढूंढकर मतदाता सूची में जुड़वा लेते हैं। आधी-अधूरी सूची को बीएलओ निर्वाचन कार्यालय में जमा कर देते हैं। किसी भी चुनाव में मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित नहीं होती है। बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# राजधानी में सीएम धामी के प्रचार वाली 80 फीसदी सीटों पर मिली जीत

देहरादून

हमारे संवाददाता

**देहरादून।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। मुख्यमंत्री ने जिन सीटों पर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया उनमें से 80 फीसदी पर पार्टी को जीत मिली है।

विदित है कि दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड में यूसीसी लागू किए जाने के साथ ही, सख्त नकल विरोधी कानून और 19 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को जोर शोर से उठाया। मुख्यमंत्री की रैलियों में बड़ी संख्या में उमड़ रही मतदाताओं की भीड़ से पहले ही पार्टी की जीत के संकेत मिल रहे थे। लेकिन अब मतगणना के बाद इस पर मुहर लग गई है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में कुल 23 प्रत्याशियों के समर्थन में करीब 52 सभाएं की। जिसमें से 18 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। विदित है कि उत्तराखंड में कई ऐतिहासिक निर्णय लेने के बाद मुख्यमंत्री धामी का राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ रहा है। पिछले दिनों अन्य राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भी उनका स्ट्राइक रेट शानदार रहा है।



# फिल्मी दुनिया

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हैं जुनैद, बोले– मुझे प्रैक्टिकल लाइफ पसंद है





*बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान अक्सर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हैं। एक बार शूटिंग से लौटते समय वे लोकल ट्रेन से भी यात्रा करके आए थे। इस किस्से के बारे में उन्होंने बताया है। बी–टाउन अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं। जुनैद खान के साथ लवयापा में खुशी कपूर भी नजर आने वाली हैं। जुनैद भले ही सुपरस्टार के बेटे हैं लेकिन वे कभी भी अपनी लग्जरी को लेकर चर्चा में नहीं रहते हैं। वे अक्सर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ही यात्रा करते हैं। जुनैद खान ने बताया कि वे ज्यादातर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा करते हैं। साथ ही इसका एक वाजिब कारण भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रेक्टिकल लाइफ पसंद करते हैं। गाड़ियां मुंबई के ट्रैफिक में फंस जाती हैं। ऑटो से कही भी आसानी से जाया जा सकता है। वहीं, जुनैद ने लोकल ट्रेन से भी यात्रा की है। उन्होंने बताया कि लेकिन क्या आप जानते हैं कि आमिर खान के बेटे ने भी लवयापा की शूटिंग खत्म करने के बाद ट्रेन से घर वापसी की थी?*

### जाम में नहीं फंसना चाहते थे जुनैद

*ठगेश शो में बातचीत के दौरान कॉमेडियन आदित्य कुलश्रेष्ठ ने कहा कि जुनैद खान मीरा रोड से बांद्रा तक ट्रेन से गए थे। जुनैद ने कहा कि प्रोडक्शन टीम उन्हें आने–जाने के लिए वाहन मुहैया कराती है। हालांकि, उन्होंने कहा, एक बार मैंने ट्रेन ली क्योंकि वो हाईवे जाम था, कुछ इलेक्शन की काउंटिंग चल रही थी। मैंने ट्रेन ले ली। कौन 3 घंटे ट्रैफिक में बैठेगा? मैं प्रैक्टिकल बात बोल रहा हूं। लवयापा' फिल्म में जुनैद खान नजर आ रहे हैं। फिल्म 7 फरवरी को ही बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई है। फिल्म के स्टार कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में जुनैद खान और खुशी कपूर के अलावा योगी बाबू, आशुतोष राणा, सत्यराज, कीकू शारदा और ग्रुशा कपूर शामिल हैं।*

# लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल प्राचार्य,को-एजुकेशन स्कूल भुवन त्रिपाठी को किया सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल प्राचार्य सीनियर सेकेंडरी को-एजुकेशन स्कूल भुवन त्रिपाठी को आईटीसी फॉर्च्यून, हल्द्वानी में क्यू एंड आई, इंडिया टुडे ग्रुप की पहल द्वारा आयोजित एक्सक्लूसिव प्रिंसिपल कॉन्क्लेव में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार थॉमसन डिजिटल और क्यूएंड आई इंडिया के कार्यकारी निदेशक और सीईओ विनय सिंह द्वारा प्रदान किया गया जो शिक्षा में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और योगदान को मान्यता देता है।

यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल की प्रतिष्ठा एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में और भी मजबूत हुई है।



## News कॉर्नर

### शरारती तत्वों ने बारापत्थर-नारायणनगर वन क्षेत्र में लगाई आग

**नैनीताल ।** नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज में शनिवार से आग लगने की शुरुआत हो चुकी है। नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोहरा के मुताबिक शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे समाज के कुछ शरारती तत्वों की ओर से रेंज के बारापत्थर-नारायणनगर पैदल मार्ग से सटे वन क्षेत्र में जंगल में आग लगा दी गयी। बोहरा के मुताबिक विभाग की टीम की ओर से काफी मशक्कत के बाद शाम को करीब 6 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। बोहरा ने आम जनमानस से गुजारिश की है कि वह वनों व वन्य जीवों को आग से बचाने के लिए वन महकमे को हर संभव सहयोग करें। कहा कि आग लगाने पर वन विभाग तथा पुलिस विभाग को इसकी तुरंत सूचना दें। कहा कि कोई भी शरारती तत्व अगर जंगल में आग लगाता हुआ पाया जाता है तो विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

### पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को चाकू समेत दबोचा

**रुद्रपुर।** पुलिस ने गांधी पार्क में मंच के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक अपर उप निरीक्षक अमित कुमार व कांस्टेबल हरीश रावत गश्त करते हुए गाँधी पार्क के मंच के पास पहुँचे तो देखा एक आदमी संदिग्ध रूप से मंच के आगे घूम रहा है । संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता शाहरूख खान पुत्र नन्हे खान निवासी वार्ड 17 खेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 60 रूपये नगद और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। उसका कहना था कि वह चोरी करने के इरादे से घूम रहा था।

# वीकेंड पर नैनीताल पहुंचे पर्यटक, नगर में रौनक रही

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वीकेंड पर देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों की वजह से नैनीताल में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी काफी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों की आमद बढ़ने से शहर के पर्यटन कारोबारी भी खुश नजर आए। नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने शहर के स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालयन बॉटनिकल गार्डन, वुडलैंड वाटर फ ॉल समेत हनुमानगढ़ी व सरिताताल के दीदार किए। पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही इन पर्यटक स्थलों में बनी रही। नैनीताल



नगर की शान माल रोड में भी चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए हनुमानगढ़ी क्षेत्र में काफ ी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया जड़ों की छुट्टी के बाद अब स्कूल खुलने लगे हैं और परिजन अपने बच्चों को छोड़ने के लिए नैनीताल पहुंच रहे हैं ऐसे में एक सप्ताह तक अब नैनीताल में पर्यटकों की भीड़भाड़ देखी जाएगी जो परिजन अपने बच्चों को नैनीताल छोड़ने आ रहे हैं वो आसपास के क्षेत्र में घूमने जाते हैं। अगले कुछ दिन सैलानियों की आमद बनी रहेगी। शीतकालीन अवकाश के बाद अब नैनीताल के पब्लिक स्कूलों के खुलने का क्रम सोमवार (आज) से शुरु हो जाएगा। बता दें नगर में अधिकांश आवासीय पब्लिक स्कूल हैं। दिसंबर प्रथम सप्ताह से यह स्कूल शीतकालीन अवकाश के लिए बंद हो गए थे। दूसरी ओर अब परिजन अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए देश के विभिन्न कोनो से नैनीताल पहुंचने लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार (आज) से शहर के सेंट जोसेफ , ऑल सेंट्स, सेंट मैरी तथा शेरवुड व बिरला समेत अन्य स्कूल खुल जाएंगे जिससे नैनीताल में एक बार फि र से भीड़भाड़ देखने को मिलेगी। पर्यटकों और परिजनों की भीड़ के चलते रविवार को भी नैनीताल में दिनभर भीड़भाड़ देखने को मिली वहीं शाम होते-होते शहर की माल रोड में जाम जैसी स्थिति बनने लगी।

# सामिया लेक सिटी के माघ महोत्सव में बही उत्तराखंड लोक संस्कृति की बयार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

हिमाद्री जन सेवा समिति के बैनर तले माघ महोत्सव में हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर कार्यक्रम में रविवार को काशीपुर रोड स्थित सामिया लेक सिटी में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने रंगारंग और खुशनुमा माहौल के बीच अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेर कर श्रोताओं को जमकर झूमने पर मजबूर कर दिया। लोक गायकों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियों ने सामिया लेक सिटी के आसपास के माहौल को भी उत्तराखंड के पर्वतीय मूल की यादों को इतना ताजा कर दिया की कार्यक्रम में मौजूद हर वर्ग का व्यक्ति पहाड़ की संस्कृति और सभ्यता का कायल होता हुआ दिखाई दिया।

लोक गायकों में पहाड़ी गीतों पर प्रस्तुति देने वालों में गजेंद्र राणा, माया उपाध्याय, मोहन चंद जोशी, जितेंद्र तोमक्याल एवं पुरान दानू ने अपनी



प्रस्तुतियों से पंडाल में मौजूद श्रोताओं का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि के रूप में शहर के विधायक शिव अरोरा अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सतपाल, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, प्रो. आनंद सिंह जीना, आरपी शर्मा, केएल शाह, दीवान सिंह चौहान, खड़क सिंह कार्की,सामिया ग्रुप के सीएमडी जमील अहमद खान, मो आसिम सहित आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएन बेलवाल, पूरण दानू और कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुंदन सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान व्यवस्थाओं को ठीक करने में हिमाद्री जन सेवा समिति के अध्यक्ष आरएस रावत, संयोजक डॉ कुंदन सिंह राठौड़, जी एस रावत कोषाध्यक्ष, जानकी कथायत संरक्षक, महासचिव कुंदन भंडारी सहित सामिया लेक सिटी के अधिकारी आकिल मालिक आदि थे। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर के पंडाल में मौजूद दर्शकों ने भी जमकर उनका उत्साह बढ़ाया, जिससे माहौल में चार चांद लगाते दिखाई दिए।

# पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा बाबा नीब करौरी के दर्शन को पहुंचे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी देवगौड़ा नैनीताल और विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को नैनीताल पहुंचे पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने कहा कि उन्होंने बाबा दीप करोली महाराज के बारे में काफ ी सुना था। बाबा के दर्शन करने के लिए नीम करोली पहुंचे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा भी खुश नजर आए।

उन्होंने भाजपा को 27 साल बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित साह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को दिया। कहा कि करीब 30 साल बाद भाजपा सत्ता में आई है। यह भाजपा की ओर से किये जा रहे बेहतर कार्य व प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का ही परिणाम है। निजी दौरे पर नैनीताल पहुंचे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने कहा कि पूर्व में करीब 15 वर्ष कांग्रेस व इतना ही समय आम आदमी पार्टी के सत्ता में रहने के बाद भाजपा ने दिल्ली में बड़ी वापसी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश में 140 करोड़ की आबादी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्यार करती हैं। नरेंद्र मोदी केवल देश के नेता नहीं बल्की विश्व के नेता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की राह पर अग्रसर है। मोदी बेहद ही शक्तिशाली व जनप्रिय नेता है। अगल-अलग भाषा, वेषभूषा व संस्कृति में बटे देश को एकजुट कर प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर भी देश का स्तर ऊंचा किया है। दिल्ली चुनाव को लेकर वह बोले की भाजपा ने एक बार फिर वापसी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संगठित होकर की गई मेहनत के बूते भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। जिसमें गृहमंत्री अमित साहए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य नेताओं को इसका श्रेय जाता है।

KRIBHCO Cooperative and beyond... KRIBHCO Cooperative and beyond...

## कृषक भारती कोऑपरेटिव लि0
## बीज उत्पादन इकाई ,रुद्रपुर

बीज उत्पादन इकाई रुद्रपुर द्वारा बीज उत्पादन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत वर्ष 2025 में लगभग 17000.00 कुंतल असंसाधित गेहूं बीज का अंतर्ग्रहण किया जाना प्रस्तावित है, यह मात्रा अनुमानित है जो घट-बढ़ सकती है। प्रस्तावित असंसाधित गेहूं बीज का भंडारण, ग्रेडिंग, पैकिंग, हैंडलिंग आदि कार्य की कस्टम हायर पर आधारित व्यवस्था हेतु उचित गोदाम एवं विधायन संयंत्र जो कि एक ही परिसर में रुद्रपुर से लगभग 15 से 20 किमी की परिधि के अंदर स्थापित हो, की आवश्यकता है। बीज विधायन संयंत्र, उत्तराखंड राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकृत होना आवश्यक है। उपरोक्त कार्य एवं सेवाओं को प्रदान करने हेतु निविदा दाताओं से दरें प्रति कुंतल के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता का जीएसटी में पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियों किसी भी कार्य दिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तो के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है, तथा दिनांक 24.02.2025 तक धरोहर धनराशि (EMD) रु. 25000.00 डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कृभको के पक्ष में देहरादून पर देय बनवाकर अथवा निविदा फार्म में उल्लेखित विवरण के अनुसार कृभको के बैंक खाते में RTGS/NEFT/IMPS मोबाइल बैंकिंग इत्यादि माध्यम से स्थानांतरित करने होंगे तथा पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएँ, आवश्यक प्रपत्रों के साथ सीलबंद लिफाफे में कृभको राज्य विपणन कार्यालय, 30-आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून, उत्तराखंड (248001) पर डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से उपरोक्तनुसार अंतिम तिथि दिनांक 20.02.2025 समय मध्यान 12:00 बजे तक उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्राप्त निविदाएं उसी दिन कमेटी द्वारा इच्छुक निविदादाताओं के समक्ष समय अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेंगी।

सक्षम अधिकारी के पास किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

दिनांक- 09.02.2025

राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीपकॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फ़ोन न. 0135-2539294

KRIBHCO Cooperative and beyond... KRIBHCO Cooperative and beyond...

## कृषक भारती कोऑपरेटिव लि0
## बीज उत्पादन इकाई ,रुद्रपुर

कृषक भारती को आपरेटिव लि०, रुद्रपुर बीज उत्पादन इकाई के आज़ादनगर, किच्छा स्थित गेहूँ बीज स्विपंज की कुल लगभग मात्रा 46.62 कुंटल वर्तमान बीज विधायन सत्र के दौरान गोदाम साफ-सफाई के दौरान प्राप्त हुआ है। गेहूँ बीज स्विपंज की उक्त को उक्त मात्रा को सील बंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसी स्थिति में हैं, के आधार पर विक्री किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्भार की निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी का जी०एस०टी० में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियों किसी भी कार्य दिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तो के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है। जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 24.02.2025 समय पूर्वाह्न 10:00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। अधिकतम दरों वाले निविदा दाता को गेहूँ बीज स्विपंज की मात्रा को उठाने से पूर्व स्थानीय मण्डी समिति किच्छा में नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा कर रसीद की प्रति कृभको को उपलब्ध करानी होगी। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा उसी दिन दिनांक 24.02.2025 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधि कारी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक- 07.02.2025

राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीपकॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-2539294